## हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 26 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा में आज से सामान्य पात्रता परीक्षा -सी.ई.टी ली जा रही है। परीक्षा के लिए पूरे हरियाणा में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके इलावा चंडीगढ़ और पड़ोसी राज्य में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ताकि परीक्षा सुचारु ढंग से सम्पन्न हो सके।यह परीक्षा कल भी ली जाएगी। सरकार ने परीक्षार्थियों को सरकारी बसों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया ताकि कोई परीक्षार्थी देर से परीक्षा केंद्र पर न पहुंचे और उसे असुविधा न हो। कैथल की उपायुक्त प्रीति ने बताया -

**********************************************************************

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने आज समान्य प्रवेश परीक्षा - CET के दौरान नूंह जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ अभिभावकों की भी प्रतिक्रिया ली। श्री हिम्मत सिंह ने बताया कि कुल 13 लाख 48 हजार अभ्यर्थियों ने CET के लिए आवेदन किया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो रही है। बाद मेँ उन्होंने फरीदाबाद के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। फरीदाबाद में मीडिया से बातचीत में श्री हिम्मत सिंह ने कहा -

वे शाम को रोहतक जिले में भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे।

**********************************************************************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भगोड़े आतंकियों और तस्करों को वापस लाने के लिए विशेष उपाय करने के निर्देश दिए हैं। कल नई दिल्ली में दो दिन के राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में, उन्होंने केंद्र और राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाने और देश के भीतर पनप रहे आतंकी तंत्र से सख्ती से निपटने पर ज़ोर दिया। सम्मेलन में देश भर के

लगभग 800 अधिकारियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दूसरे दिन आज नागर विमानन, बंदरगाह सुरक्षा और वामपंथी उग्रवाद पर भी चर्चा होगी।

**********************************************************************

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों से कहा है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ पात्र लोगों को मिलना चाहिये। जिस योजना में कोई काम नहीं है उसको बंद करवाने के लिए लिखें। इसके इलावा किसी भी योजना में सुधार के लिये कोई सुझाव है तो उसे जरूर बतायें ताकि योजना में संशोधन कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारी विकासात्मक परियोजनाओं की गति भी तेज करें। केंद्रीय मंत्री पानीपत में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि हर मामले को हल करने के लिए यथासंभव कदम उठाये जायें। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा धान की सीधी बिजाई के लिए प्रति एकड़ 4500 रूपये देने की योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। ताकि किसानों को किसी प्रकार का नुकसान भी न हो, और पानी की ज्यादा से ज्यादा बचत हो सके। केन्द्रीय मंत्री ने युवा बेरोजगारो को स्वरोजगार के लिए वीटा बूथ खोलने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों की गहनता से जांच करने के निर्देश भी दिए।

**********************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला के उपयुक्त को अम्बाला छावनी से शाहबाद तक राष्ट्रीय मुख्यमार्ग 44 के साथ लगती भूमि पर बने गोदाम के निर्धारित मापदंड जांचने के निर्देश दिए है। उन्होंने इन तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से दिए गए रास्तों की भी जांच करने को कहा है। श्री विज ने कहा है कि चार सदस्यीय समिति का गठन कर इस मामले में एक माह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने यह भी पता लगाने को कहा है कि अम्बाला से शाहबाद तक सभी गोदामों के निर्माण में

संबंधित विभाग से सीएलयू लिया गया है या नहीं लिया गया।

**************************************************************************

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. ब्रहमदीप सिंह ने कल अंबाला छावनी अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने अटल कैंसर केयर केंद्र में जाकर मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। डॉ. ब्रहमदीप सिंह ने महिला मरीजों से भी बातचीत की और उनके चल रहे उपचार की रिपोर्ट देखी।आखिर उन्होंने चिकित्सकों की बैठक लेकर उन्हें जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

**************************************************************************